Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding the establishment of an Airport at Seemanchal Areaof Bihar.

श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी (**कटिहार**) : सभापति महोदय, आपने मुझे एक अति लोक महत्व के विषय पर बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

सभापति महोदय, देश में माननीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में नागरिक उड्डयन मंत्रालय तेजी से काम कर रहा है । वह केन्द्र और राज्यों में एयरपोर्टों का निर्माण कर रहा है । अंतर्राज्यीय 'उड़ान योजना' के तहत एयरपोर्टों का विस्तारीकरण और चयन हो रहा है । इसी क्रम में पूर्णिया जिले में एक एयरपोर्ट का चयन हुआ है ।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि यह एक अति महत्वपूर्ण जगह है, सीमांचल का एरिया है, क्योंकि अभी वहां एयरपोर्ट का काम नहीं चल रहा है, तो इस एयरपोर्ट के बन जाने से सीमांचल एरिया, पश्चिम बंगाल और उसके निकटवर्ती लोगों को आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी । इसके साथ ही इस एयरपोर्ट के बन जाने से उस क्षेत्र में व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में भी काफी तेजी से विस्तार होगा ।

सभापति महोदय, इसीलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं कि वह शीघ्रतिशीघ्र इस एयरपोर्ट का निर्माण कार्य शुरू करवाए, ताकि वहां विमान संचालन का कार्य शुरू हो सके ।

माननीय सभापति : डॉ. सुजय विखे पाटील – उपस्थित नहीं ।

श्री ए. राजा जी ।